# कलश घटयात्रा के साथ प्रारंभ हुआ सिद्धचक्र महामंडल विधान

## मंडप शुद्धि के साथ आयोजक परिवार एवं सभी जैन मंदिरों के अध्यक्ष एवं ट्रस्टियों द्वारा किया ध्वजारोहण



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 29 अक्टूबर।** शहर में धर्म की प्रभावना को बढ़ाते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन छतरी मंदिर शिवपुरी में 29 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन ओ एल जैन,कैलाश चंद, हिर्देश कुमार, रूपेश कुमार, निखिल जैन, चंचल जैन, जैन बिल्डिंग मटेरियल परिवार द्वारा किया जा रहा है। जिसकी भव्य शुरूआत बुधवार को प्रात: 8 बजे श्री जैन छतरी मंदिर शिवपुरी से भव्य मंगल कलश घटयात्रा के साथ हुई, यह घटयात्रा गुरुद्वारा चौक, माधव चौक से होकर श्री 1008 आदिनाथ जिनालय पुराने बस स्टैंड के पास शिवपुरी तक जाने के उपरांत यह घटयात्रा पुन: माधव चौक एवं गुरुद्वारा चौक होते हुए वापस श्री छत्री जैन मंदिर जी शिवपुरी पर पहुंची। घट यात्रा के छत्री मन्दिर जी पर पहुँचने पर मंडप शुद्धि हुई, इसके उपरांत आयोजक परिवार एवं सभी जैन मंदिरों के अध्यक्ष एवं ट्रस्टियों द्वारा ध्वजरोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। ध्वजारोहण के बाद आसपास के क्षेत्रों से पधारे अतिथियों द्वारा मंडप उद्घाटन,आचार्य श्री जी का चित्र अनावरण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात जिनेंद्र भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन कर श्री सिद्ध चक्र मण्डल विधान की प्रथम पूजन की गयी।

महेन्द्र जैन भैयन ने बताया कि यह संपूर्ण आयोजन एन एस परिवार द्वारा विश्व शांति हेतु किया जा रहा है, इस आयोजन के दौरान प्रतिदिन बढ़ते क्रम में 8,16,32,64,128,256,512 एवं 1024 अर्घ समर्पण करके श्री जिनेंद्र भगवान की पूजा अर्चना की जाएगी। प्रतिदिन प्रात:काल अभिषेक, नित्य नियम पूजन शांतिधारा, विश्व शांति हेतु जाप के उपरांत श्री सिद्धचक्र मंडल विधान की पूजन होगी। प्रतिदिन रात्रि में आरती, प्रवचन के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इस आयोजन में आयोजक ओ एल जैन, कैलाश चंद्र, हिर्देश कुमार जैन, रूपेश कुमार,निखिल जैन,चंचल जैन के परिवार के साथ-साथ गुना,शिवपुरी, अशोकनगर, करैरा, कोलारस, रन्नौद, अकाझिरी, पोहरी, नरवर आदि अनेक स्थानों से रिश्तेदार एवं समाज बंधु भी इस आयोजन में शामिल हुए। रात्रि में श्री छत्री मन्दिर जी शिवपुरी में भव्य मंगल आरती, मंगल प्रवचन के उपरांत प्रतिष्ठाचार्य डॉ अभिषेक जी एवं डॉ आकाश जी सगरा दमोह के द्वारा हरिवंश पुराण पर आधारित जैन धर्म की कथाओं के माध्यम से धर्म प्रभावना का कार्य किया गया।

**आज होगा भगवान का अभिषेक, शांतिधारा व नित्य नियम पूजन होंगें :** श्री सिद्धचक्र महामंडल के शुभारंभ के बाद अब गुरुवार 30 अक्टूबर से आगामी 5 नवम्बर तक प्रतिदिन प्रात: 7 बजे से श्रीछत्री मंदिर जी में जिनेंद्र भगवान का अभिषेक,शांतिधारा नित्य नियम पूजन एवं श्री सिद्धचक्र मण्डल विधान की पूजन होगी। श्री सम्मेद शिखर जी आंदोलन एवं गिरनार जी आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले 101 दिवसीय दिल्ली से गिरनार जी गुजरात तक 2200 किलो मीटर की पद यात्रा निकालने वाले विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन दिल्ली मुख्य अतिथि होंगे एवं मयंक जैन अध्यक्ष विश्व जैन संगठन इंदौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# चैक बाउंस मामले में आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

## 6 लाख 96 हजार 663 रूपये प्रतिकर से किया दण्डित

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 29 अक्टूबर।** एक-दूसरे से परिचित होने के कारण उधार लिए ऋण को नहीं चुकाने वाले आरोपी को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवपुरी के न्यायालय के द्वारा अभियुक्त को धारा 138 परक्राम्य लिखित अधि. के अंतर्गत दोषी पाते हुए 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 6 लाख 96 हजार 663 रूपये प्रतिकर के रूप में परिवादी को दिए जाने का आदेश पारित किया। प्रतिकर की राशि अदा ना करने पर तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगताए जाने का आदेश पारित किया गया। इस प्रकरण में परिवादी की ओर से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के द्वारा की गई।

परिवाद के अनुसार परिवादी पंकज पाराशर (पाराशर स्पोर्ट्स) निवासी गांधी कॉलोनी शिवपुरी से अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र नारायण दास अग्रवाल निवासी होटल पीएस के पीछे, शिवपुरी से अपनी पारिवारिक एवं दुकानदारी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 5 लाख रूपये बतौर ऋण के रूप में दिनांक 18.01.2020 को लिए थे जिसके एवज में अभियुक्त बृजेश कुमार अग्रवाल ने परिवादी पंकज पाराशर को उक्त दिनांक को ही उधार ली गई धनराशि के भुगतान हेतु आगामी दिनांक का एक चैक एक्सिस बैंक शाखा शिवपुरी का दिनांक 18.11.2020 का अपने खाते के चैक प्रदत्त किया था। जिस पर परिवादी पंकज पाराशर ने भुगतान हेतु उक्त

**प्रतिकर जमा ना करने पर तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से किया दण्डित**

चैक अपने बैंक खाते पंजाब नेशनल बैंक शाखा शिवपुरी में प्रदत्त किया तो उक्त चैक हस्ताक्षरों की भिन्नता के कारण बिना भुगतान के दिनांक 24.11.2020 को वापस आ गया। उक्त चैक बाउंस होने की सूचना तथा चैक राशि की मांग हेतु अपने अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के माध्यम से परिवादी पंकज पाराशर ने अभियुक्त बृजेश कुमार अग्रवाल को सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक से भिजवाया था किन्तु अभियुक्त को सूचना पत्र प्राप्त होने के पश्चात भी चैक राशि का अभियुक्त बृजेश कुमार अग्रवाल ने भुगतान नहीं किया। फिर उक्त चैक राशि को प्राप्त करने के लिए परिवादी पंकज पाराशर ने अपने अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के माध्यम से परिवाद पत्र धारा 138 परक्राम लिखित अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। करीब 5 वर्ष बाद उक्त प्रकरण में आए साक्ष्य के उपरांत माननीय श्री जितेन्द्र मेहर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला शिवपुरी ने अभियुक्त बृजेश कुमार अग्रवाल को धारा 138 में दोषी पाते हुए एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 6 लाख 96 हजार 663 रूपये परिवादी पंकज पाराशर को प्रतिकर की राशि दिए जाने एवं प्रतिकर की राशि अदा नहीं करने पर तीन माह का सश्रम अतिरिक्त कारावास पृथक से भुगताए जाने का निर्णय पारित किया गया। इस प्रकरण में परिवादी की ओर से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के साथ सहयोगी अधिवक्ता अशपाक खान, अजय शाक्य के द्वारा की गई।

# वन भूमि पर अतिक्रमण को लेकर की गई कार्यवाही



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 29 अक्टूबर।** वन परिक्षेत्र पिछोर क्षेत्र में अवैध रूप से वन भूमि पर करीब 8 वर्षों से अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया और संबंधितों को हिदायत दी गई कि किसी भी रूप में वन भूमि पर अतिक्रमण ना किया जावे अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। वन परिक्षेत्र पिछोर में यह कार्यवाही सामान्य वन मण्डलाधिकारी सुधांशु यादव एवं उप वन मण्डलाधिकारी आदित्य शांडियल के निर्देशन में पिछोर सब रेंज के द्वारा इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

बताना होगा कि सामान्य वनमण्डल शिवपुरी के अन्तर्गत अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत वन परिक्षेत्र पिछोर की सबरेंज झलकुई बीट झलकुई के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 1154 में वन भूमि पर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकर्ता अनरत सिंह गुर्जर एवं खुमान सिंह गुर्जर एवं उनके परिवारगण, कुल 88 लोगों द्वारा ग्राम गता झलकुई से लगे हुए वनक्षेत्र में लगभग 08 वर्षों से अतिक्रमण कर, काब्जा किए हुए थे, जिसकी शिकायतें लगातार वन विभाग को प्राप्त हो रहीं थीं। उक्त अतिक्रमण को संज्ञान में लेते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी पिछोर के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र पिछोर के समस्त वन अमले, उडनदस्ता दल वनवृत्त शिवपुरी एवं उडनदस्ता दल सामान्य वनमण्डल शिवपुरी के द्वारा राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल बल के साथ 06 जे.सी.बी. मशीनों एवं 04 ट्रैक्टर मय कल्टीवेटरों की सहायता से उक्त 50 हैक्टेयर अतिक्रमित वन भूमि को मुक्त कराकर, मौके पर कंटूरट्रैच खुदवाई गई, साथ ही उक्त भूमि के चारों ओर लगी बागढ़ एवं पत्थर की दीवाल को क्षतिग्रस्त कर हटाया गया एवं मौके पर बागड़ में प्रयुक्त लोहे की तार फेंसिंग विधिवत जप्त की गई।

# फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ब्राह्मण समाज एवं अध्यक्ष की छवि धूमिल करने पर समाज में रोष

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 29 अक्टूबर।** जिले के करैरा क्षेत्र में ब्राह्मण समाज सेवा समिति करैरा के ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित श्री राजेश दुबे भोला महाराज, जो स्वर्गीय श्री रामजीलाल दुबे के पुत्र हैं और समाज में अपनी सेवाभावना के लिए जाने जाते हैं, उनके नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने करीब 8 से 10 दिन पूर्व फर्जी फेसबुक आईडी बना ली है। इस फर्जी आईडी पर उनके नाम के साथ एक महिला का नाम जोड़कर भ्रामक, भड़काऊ और अश्लील भाषा में पोस्ट डाली जा रही हैं। इतना ही नहीं, ऐसे दो से तीन और फर्जी फेसबुक अकाउंट भी बनाए गए हैं। इसे लेकर जिले भर के ब्राह्मण समजा में रोष व्याप्त है। बीते सोमवार को जहां ब्राह्मण समाज के सैकड़ों पदाधिकारियों एवं सदस्यों विप्र बंधुओं ने एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ को ज्ञापन सौंपा, तो वहीं बुधवार को जिला मुख्यालय पर एकत्रित होकर ब्राह्मण समाज

**एसपी ऑफिस पहुंचकर ब्राह्मण समाज ने की मामले की जांच व कठोर कार्यवाही की मांग**

के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर इस पूरे मामले की विस्तृत जांच करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की गई जिसमें दोषी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही भी की जावे।

जिला मुख्यालय पर ब्राह्मण समाज के भृगुवंशम भार्गव ब्राह्मण समाज अध्यक्ष महेश शर्मा,ट्रस्ट अध्यक्ष बी.के.शर्मा, संरक्षक सी.बी.पाण्डे, वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा कल्याण कुटीर, कार्यकारी नगर अध्यक्ष संतोष शर्मा, देवेन्द्र पवन शर्मा पूर्व पार्षद के साथ करैरा से आए वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश शर्मा एवं अन्य ब्राह्मण समाज के बन्धुजन मौजूद रहे जिन्होंने करैरा में ब्राह्मण समाज सेवा समिति करैरा के ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित श्री राजेश दुबे भोला महाराज की फर्जी फेसबुक आईडी बनाने और उससे भ्रामक व भड़काऊ पोस्ट एवं अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए ब्राह्मण समाज की छवि को धूमिल किया गया है, इससे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ही नहीं बल्कि संपूर्ण ब्राह्मण समाज की छवि को धूमिल किया जा रहा है। इस कृत्य से समाज के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है और शहर में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठों ने कहा कि इस तरह की हरकतें समाज को बांटने और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों विप्र बंधुओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस प्रशासन से मांग की है कि संबंधित फर्जी आईडी की साइबर जांच कराई जाए, अपराधी की पहचान कर उसे शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और उस पर आईटी एक्ट के तहत कठोरतम कार्यवाही की जाए। साथ ही फर्जी आईडी को तत्काल बंद कराया जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी के नाम और प्रतिष्ठा से खिलवाड़ न कर सके।



# धान की फसल खराब होने पर किसान चढ़ा टावर पर





नवभारत न्यूज

**नरवर, 29 अक्टूबर।** नरवर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम नया जैतपुर के एक दर्जन से अधिक किसानों ने गरिमा ट्रेडर्स खाद एवं बीज भंडार नरवर से धान की फसल का बीज खरीदा था युक्त धान का बीज नकली होने के कारण धान की फसल में बालियां अभी तक नहीं निकली हैं तथा युक्त एक दर्जन किसानों की लगभग 40 से 50 बीघा धान की फसल खराब हो चुकी है युक्त संबंध में ग्रामीणों ने गरिमा ट्रेडर्स खाद एवं बीज भंडार नरवर के प्रो नरेंद्र सिंह कुशवाहा के खिलाफ नया जैतपुर के किसानों ने शिकायती आवेदन कृषि अधिकारी नरवर, तहसीलदार नरवर ,थाना प्रभारी नरवर ,पुलिस अधीक्षक शिवपुरी, जिला कलेक्टर शिवपुरी को पिछले 15 दिन पहले शिकायती आवेदन दिए थे लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता के चलते गरिमा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर नरेंद्र कुशवाहा नरवर पर शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिससे गुस्साए किसान माथेराम कुशवाहा नया जैतपुर आज मोबाइल के टावर पर चढ़कर आत्महत्या करने की कोशिश की गई , युक्त किसान को नायब तहसीलदार नरवर एवं कृषि विस्तार अधिकारी जितेंद्र कोरकू द्वारा आश्वासन दिया गया कि युक्त गरिमा ट्रेडर्स के प्रो नरेंद्र सिंह कुशवाहा पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी तब जाकर युक्त माथे राम कुशवाहा मोबाइल टावर से नीचे उतरा इस संबंध में अन्य एक दर्जन से अधिक किसानों ने गरिमा ट्रेडर्स से धान की फसल का बीज एवं दवाइयां खरीद कर किसानों ने लगभग 40 से 50 बीघा धान की फसल लगाई थी युक्त संपूर्ण धान में बालियां न आनेके कारण लगभग 8 से 10 लख रुपए की फसल खराब हो चुकी है तथा वही नया जैतपुर के किस बादाम सिंह पुत्र किशन लाल कुशवाह निवासी नया जैतपुर ,अशोक कुशवाह निवासी मुबारकपुर ,बल्लू कुशवाहा निवासी नया जैतपुर, महेंद्र कुशवाह मोहनी आदि किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नकली बीज दवाइयां बेचने वाले गरिमा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर नरेंद्र सिंह कुशवाहा पर दंडात्मक कार्रवाही की जाकर दुकान शील्ड की जाए तथा हम एक दर्जन से अधिक किसानों की खराब हुई फसल का मुआवजा दिलाए जाने की मांग शासन से की है तथा किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन तीन दिवस के अंदर गरिमा ट्रेडर्स के प्रो नरेंद्र सिंह कुशवाहा पर कार्रवाही नहीं की जाती है तब हम किसानों की लगभग 40, 50 बीघा धान की फसल का मुआवजा नहीं दिया जाता है तब हमें मजबूर होकर नरवर तहसील पर धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# थाना इन्दार पुलिस ने महिला की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी को 24 घण्टे में किया गिरफ्तार

**शिवपुरी।** बीते रोज बुधवार 28 अक्टूबर को थाना इन्दार के द्वारा मर्ग क्र.25/25 धारा 194 बीएनएस जांच के दौरान साक्षीगणों द्वारा अपने कथन में मृतिका किरन बाई पत्नी कल्याणसिंह लोधी उम्र 50 साल निवासी ग्राम कुटवारा थाना इन्दार जिला शिवपुरी की दिनांक 27.10.2025 को अपने खेत पर अज्ञात आरोपी द्वारा गला दबाकर हत्या करना एवं मृतिका के चाचा ससुर बृजेश लोधी पर शंका जाहिर करने पर थाना इन्दार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 103(1) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा प्रकरण की गम्भीरता से लेते हुए स्वयं मॉनिटिरिंग कर अज्ञात आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिये। उक्त निर्देशों के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन में तथा एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा के मार्ग दर्शन में अज्ञात आरोपी की शीघ्र पतारसी कर ग्राम मेघौना बड़ा थाना रन्नौद क्षेत्र से घटना वाले दिन आरोपी बृजेश लोधी पुत्र स्व. जगतसिंह लोधी उम्र 55 साल निवासी ग्राम कुटवारा थाना इन्दार हाल निवासी रूपनगर बहेरिया थाना ईसागढ जिला अशोकनगर को 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया ,सउनि शत्रुघ्नसिंह भदौरिया, सउनि जयनारायण, प्रआर.वहीद खांन, प्रआर.जितेन्द्र सिंह जाट, प्रआर.हरीसिंह, प्रआर.रवि कन्नौजी, आर.आलोक मीना, आर.नेपालसिंह भील, आर.बृजेश भील, आर.चालक शीलेन्द्र फौजदार की सराहनीय भूमिका रही।

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**


क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों / सहदेनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया.... रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री घनश्याम बघेल श्रीमती रामवती बघेल मिल्क डेयरी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10443889) | संपति का वह पूरा टुकड़ा, जिसका नाम पटवारी हल्का संख्या 34, खसरा संख्या 172, वासुदेव धर्मकांटा के पास, ग्राम उचाड़, इंदरगढ़, दतिया, मध्य प्रदेश, 475675, भारत है. क्षेत्रफल प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 1800.00, 800.00, 1000.00 | रु.675583/- (रु. छह लाख पिचहत्तर हजार पांच सौ तिरासी मात्र) | 27-06-2025 | 24/10/2025 |
| श्री नरोत्तम श्री सुरेंद्र सिंह रावत श्रीमती रेखा रावत नरोत्तम डेयरी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10513206) | पटवारी हल्का क्रमांक 18, ग्राम नयागांव, तहसील भितरवार, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475220, भारत स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफल- 750.00, 696.00, 556.00 | रु.494853/- (रु. चार लाख चौरानवे हजार आठ सौ तिरेपन मात्र) | 03-04-2025 | 25/10/2025 |
| श्री दुम्मन सिंह सिख श्रीमती रंजीत कौर दुम्मन मिल्क सेंटर (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10514684) | पटवारी हल्का संख्या 18, मकान संख्या 258, वार्ड संख्या 18, ग्राम नयागांव, तहसील भितरवार, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475220, भारत में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा. क्षेत्र प्रवेश। (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि _क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्र- 2500.00, 1200.00, 960.00 | रु.570982/- (रु. पांच लाख सत्तर हजार नौ सौ बयासी मात्र) | 02-04-2025 | 25/10/2025 |
| श्री रामनाराण श्रीमती हेमवती (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10523808) | मकान संख्या 21, पटवारी हल्का संख्या 55, ग्राम तिलेथा, इंदरगढ़, दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475685 में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल. संपत्ति क्षेत्रफल- 1600.00, 600.00, 480.00 | रु.451503/- (रु. चार लाख इक्यावन हजार पांच सौ तीन मात्र) | 25-06-2025 | 24/10/2025 |
| श्री सुनील, श्रीमती संध्या देवी सुनील मिल्क सेंटर (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10544722) | संपति का वह पूरा टुकड़ा, मकान संख्या 51, पीएच नं. 15, वार्ड संख्या 03, ग्राम पिट्सुरा, जौरा, स्कूल के पास, तहसील.बडोनी, जिला.दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475675 क्षेत्रफल प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 1332.00, 1190.00, 952.00 | रु.565223/- (रु. पांच लाख पैंसठ हजार दो सौ तेईस मात्र) | 08-04-2025 | 24/10/2025 |
| श्री रामस्वरूप श्रीमती राजेश्वरी जाटव रामस्वरूप दूध डेयरी प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10594476) | पटवारी हल्का संख्या 33, वार्ड संख्या 13, मकान संख्या 78, ग्राम पिपरा चक, इंदरगढ़, दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475675 क्षेत्रफल प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 1200.00, 1000.00, 800.00 | रु.578203/- (रु. पांच लाख अठ्ठहत्तर हजार दो सौ तीन मात्र) | 25-04-2025 | 24/10/2025 |
| श्री जितेंद्र पाल श्री हरदयाल पाल श्रीमती जयदेवी पाल (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10595197) | पटवारी हल्का संख्या 04, वार्ड संख्या 02, मकान संख्या 23 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, जो ग्राम इमलिया में स्थित है, तहसील और जिला दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475661 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 2700.00, 1200.00, 1500.00 | रु.553838/- (रु. पांच लाख तिरेपन हजार आठ सौ अड़तीस मात्र) | 12-06-2025 | 24/10/2025 |
| श्री प्रेमशंकर सेन श्री दिनेश सेन श्रीमती सावित्री देवी सेन प्रेम शंकर दूध डेयरी प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10623653) | खसरा संख्या 302, पीएच नं. 40/7, ग्राम जलहरी, तहसील जबेरा, जिला दमोह, मध्य प्रदेश, भारत, 470663 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 625.00, 625.00, 500.00 | रु.314671/- (रु. तीन लाख चौदह हजार छह सौ इकहत्तर मात्र) | 18-06-2025 | 24/10/2025 |
| श्री जितेंद्र शर्मा श्री बलभद्र श्रीमती शकुंतला शर्मा (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10624048) | पटवारी हल्का संख्या 13, ग्राम बसई, तहसील भितरवार, बरई, शिव जी का मंदिर, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, भारत, 475330 क्षेत्रफल वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 2000 | रु.467021/- (रु. चार लाख सड़सठ हजार इक्कीस मात्र) | 18-03-2025 | 25/10/2025 |
| श्रीमती बैजंती श्री सभाराम बैजंती एग्रीकल्चर एवं मिल्क सेंटर (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10626037) | पटवारी हल्का संख्या 88 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, ग्राम सपचौली में स्थित, सिद्ध बाबा का मंदिर के पास, बानमोर, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश, 476444, भारत क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 2400.00, 2000.00, 1600.00 | रु.571872/- (रु. पांच लाख इकहत्तर हजार आठ सौ बहत्तर मात्र) | 20-05-2025 | 24/10/2025 |
| श्री ख्यालीराम प्रजापति श्रीमती राजाबेटी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10632770) | पटवारी हल्का संख्या 30/130 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, ग्राम करणगढ़, तहसील नरवर, जिला शिवपुरी, मध्य प्रदेश, 473865, भारत में स्थित है. क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 800.00, 706.00, 560.00 | रु.441288/- (रु. चार लाख इकतालीस हजार दो सौ अठासी मात्र) | 08-05-2025 | 25/10/2025 |
| श्री घनाराम श्री लखन वंशकार श्रीमती गुड्डी वंशकार (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10633547) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, पटवारी हल्का संख्या 53, मकान संख्या 262, वार्ड संख्या 13, खसरा संख्या 216, गाँव बसवाहा, ग्राम पंचायत बसवाहा, तहसील और जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475661, भारत है. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 800.00, 800.00, 640.00 | रु.505701/- (रु. पांच लाख पांच हजार सात सौ एक मात्र) | 24-06-2025 | 24/10/2025 |
| श्रीमती रेवती श्री चंद्र प्रकाश रावत (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10663089) | संपति का वह पूरा टुकड़ा जिसका पीएच नं. 09, मकान संख्या 69, वार्ड संख्या 05, गढ़ी, सीतापुर - किराना स्टोर के पास, दतिया, मध्य प्रदेश, 475685, भारत प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 2100.00, 1350.00 | रु.564520/- (रु. पांच लाख चौंसठ हजार पांच सौ बीस मात्र) | 08-04-2025 | 24/10/2025 |
| श्री नरेंद्र सिंह श्रीमती मुन्नी बाई नरेंद्र एग्रीकल्चर एवं ट्रैक्टर (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10676637) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिसका पीएच नं. 81, जय नगर, तहसील बानमोर, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश, भारत, 476444 है. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल- 2400.00, 1200.00 | रु.775864/- (रु. सात लाख पिचहत्तर हजार आठ सौ चौंसठ मात्र) | 28-06-2025 | 24/10/2025 |
| श्री रक्षपाल सिंह श्रीमती सुशीला बाई (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10676721) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, जिसका खसरा संख्या 1099, पी.एच.सं. 12, सरकारी स्कूल के पास, गाँव जयनगर, तहसील बानमोर, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश, 476444 - भारत क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 2660.00, 1400.00, 00.00 | रु.797903/- (रु. सात लाख सन्तानवे हजार नौ सौ तीन मात्र) | 27-06-2025 | 24/10/2025 |
| श्री हाकिम सिंह रावत श्रीमती सुषमा रावत (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10523739) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, पीएच नं. 55, मकान संख्या 20, वार्ड संख्या 02, तिलेथा गाँव, इंद्रगढ़, भारत, 475685 में स्थित प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, संपत्ति क्षेत्र- 1600.00, 640.00, 800.00 | रु.385083/- (रु. तीन लाख पिच्यासी हजार तिरासी मात्र) | 25-06-2025 | 24/10/2025 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** डी-1, ग्राउंड फ्लोर, बसंत विहार ग्वालियर-474002/या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- ग्वालियर, दिनांक- 30-10-2025 प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# मां बीस भुजी दरबार में भव्य अन्नकूट में श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी



**शिवपुरी।** शहर की विजयनगर कॉलोनी में विराजित माँ भुजी दरबार में श्रद्धालुजनों के लिए भव्य अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें आसपास सहित माँ बीसभुजी के दर्शन व आस्था का केन्द्र मानने वाले अनेकों श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर विशाल अन्नकूट सायं 5 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक आयोजित हुआ। यहां माँ बीसभुजी दरबार में हजारों की संख्या में आए हुए सभी भक्तों ने अन्नकूट में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया साथ ही ब्रह्मर्षि योगी सम्राट श्री देवरहा बाबा की मचान के भी दर्शन लाभ अर्जित किए। बताना होगा कि माँ बीसभुजी दरबार में प्रति मंगलवार और शनिवार को दूरदराज से आने वाले बीमार, दुखी, व्यापार से संबंधित एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए हजारों भक्तगण आते हैं, जिनकी मनोकामना मात्र चार अगरबत्ती लगाने से पूरी होती है यही कारण है कि माँ बीस भुजी दरबार की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है।

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा



**शिवपुरी।** जिला मुख्यालय स्थित फिजीकल क्षेत्र में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सनातन के प्रदेशाध्यक्ष रघुराज सिंह परिवार के द्वारा धर्म की प्रभावना को बढ़ाते हुए संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन स्थानीय ऋषि मैरिज गार्डन परिसर में किया गया है। यहां कथा का वाचन प्रसिद्ध श्रीमद् भागवत कथा मर्मज्ञ पं.वासुदेव नंदिनी भार्गव के मुखारबिन्द से किया जाएगा। कथा प्रारंभ से पूर्व कथा यजमान परिवार के द्वारा अपने निज निवास स्थानीय शांति नगर से कथा स्थल ऋषि गार्डन, गायत्री मंदिर के पास फिजीकल रोड़ के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं पुरुषों बच्चों ने भाग लेकर कलश यात्रा को सफल बनाया। कलश यात्रा पश्चात कथा पूजन करते हुए कथा के प्रथम दिवस की कथा का वृतान्त पं.बाल योगी वासुदेव नंदिनी भार्गव ने अपनी शास्त्रीय संगीत मय शैली में कथा के महत्म का वर्णन श्रवण कराया। कथा प्रतिदिन दो.12 बजे से सायं 5 बजे तक कथा स्थल ऋषि मैरिज गार्डन पर किया जाएगा।

# 1 नवम्बर को निकलेगी बाबा खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 29 अक्टूबर।** हर हृदय में श्याम-हर द्वार पर नाम... बोलो श्री बाबा श्याम..बोलो श्री बाबा श्याम इन्हीं उद्घोषों के साथ शहर में इन दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों में श्री बाबा श्याम सेवा समिति, शिवपुरी (म.प्र.) के तत्वाधान में आगामी 1 नवम्बर 2025, शनिवार को निकाली जाने वाली बाबा खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा को लेकर शहर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। यहां इस आयोजन की व्यापक तैयारियो के सम्बन्ध में राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज शर्मा सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्यों सहित श्रद्धालुजनों के द्वारा घर-घर आमंत्रण, हर घर आमंत्रण अभियान प्रारंभ किया गया है। इसे लेकर शहर में बाबा श्री श्याम की शोभायात्रा का `लेकर भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

श्री बाबा श्याम सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज शर्मा (ऐंचबाड़ा), समिति के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला, सचिव अभिषेक खेमरिया एवं महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती रंजना पचौरी के द्वारा अपनी पूरी श्री बाबा श्याम सेवा समिति के माध्यम से घर-घर हर हृदय में श्याम..हर द्वार पर नाम इन्हीं उदघोषों के साथ 01 नवम्बर को श्री श्याम बाबा का भव्य जन्मोत्सव मनाए जाने को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। सोशल मीडिया, बैनर-पोस्टर, तोरण द्वार सहित बाबा श्री श्याम के जन्मोत्सव को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, इसे लेकर इस अभियान में श्याम भक्तों की टोलियाँ विभिन्न मोहल्लों और बाजारों में जाकर संकीर्तन करते हुए लोगों को शोभायात्रा में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित कर रही हैं। विशेष बात यह है कि समिति द्वारा ऑटो प्रचार अभियान भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से शहर की गलियों और मुख्य मार्गों पर बाबा श्याम के भजन, निमंत्रण संदेश और शोभायात्रा की जानकारी प्रसारित की जा रही है। यह ऑटो प्रचार पूरे नगर में लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है और हर ओर श्याम नाम की गूंज सुनाई दे रही है। महिला श्याम भक्त भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं, वे घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र बाँट रही हैं और भक्ति गीतों के माध्यम से माहौल को श्याममय बना रही हैं।

**जगह-जगह होगा स्वागत, समापन पर भजन-कीर्तन और लगाए जाऐंगें बाबा श्याम के जयकारे:** श्री बाबा श्याम सेवा समिति शिवपुरी के तत्वाधान में आयोजित होने वाले श्री श्याम बाबा के जन्मोत्स्व अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा में अधिक से अधिक धर्मावलंबी व बाबा श्याम भक्त जुड़े इसे लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यहां श्री बाबा श्यसाम सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ने बताया कि इस भव्य शोभायात्रा का कार्यक्रम स्वरूप इस प्रकार रहेगा कि आयोजन कार्यक्रम आगामी 1 नवम्बर 2025 (शनिवार) को समय: दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक श्री श्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी।